# रणजीत टाइम्स

इंदौर
सोमवार, 25 अगस्त, 2025
वर्ष 01 | अंक 212 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे




भदभदा पुल से जब सीएम साहब निकले तो एक बहन ने उन्हें आवाज दी सीएम साहब भुट्टे लेते जाओ तो सीएम साहब ने अपना काफिला रुकवाया बिना ट्रैफिक अवरुद्ध किये मुस्लिम बहन के साथ भुट्टा भी खाया भुट्टा साथ भी ले गए और फोटो भी खिंचवाया

### ज्योति जोत टीम का किया स्वागत

## सुरसुरा राजस्थान से ज्योति जोत लेकर 19 नवयुवकों की टीम का किया स्वागत



**संजय प्रेम जोशी**

हाटपीपल्या। पिछले वर्ष से ग्राम लसुडलिया लाड के नवयुवकों की टीम द्वितीय वर्ष भी सुरसुरा राजस्थान से पैदल जोत लेकर कल चापडा मतमोर होते हुवे लसुडलिया लाड़ पहुचेगी हाटपीपल्या में ज्योत पहुंचने पर ज्योत लेकर आए नवयुवकों का व जोत का स्वागत जाट समाज के लोगों के द्वारा किया गया बजरंग चौराहे पर भुजराम जाट सुनील जाट कपिल जाट आदि जाट समाज के लोगों ने स्वागत किया यात्रा का यह दूसरा वर्ष था यात्रा में 19 नवयुवकों की टीम दो ट्रैक्टर के साथ सुरसुरा राजस्थान पहुंची थी सुरसुरा से ज्योत लेकर पैदल रात दिन चलकर को पैदल चलकर सोमवार को जोत लेकर लसुड़िया लाड़ पहुचेगी।

# "वादे चमकते, हकीकत अंधेरी"

## साई गोल्ड सिटी कॉलोनी में फूटा ग़ुस्सा








## 12 साल बाद भी नहीं मिली सड़क, लाइट और पानी – रहवासी पहुंचे थाने

**दीपक वाड़ेकर**

**इंदौर, अरंडिया (देवास बायपास रोड) – साई गोल्ड सिटी कॉलोनी के रहवासी अब सब्र खो चुके हैं। कॉलोनाइज़र दीपक हिंदुजा और बिल्डर पियूष शर्मा पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्होंने लसुडिया थाना प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपी है। रहवासियों का कहना है कि प्लॉट और मकान बेचते समय गगनचुंबी वादे किए गए थे, लेकिन 12 साल बाद भी कॉलोनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।**

**शिकायत के मुख्य आरोप**

कॉलोनी में एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई।

पानी की स्थायी व्यवस्था नहीं, टैंकर पर निर्भरता।

टूटी-फूटी नालियों से गंदगी और रुकावट, सांप-बिच्छू घरों तक पहुँचते हैं। मुख्य सड़क और लिंक रोड अधूरी, आवागमन में लगातार विवाद।

क्लब हाउस और मंदिर हेतु आरक्षित भूमि पर कोई विकास नहीं।

अवैध वसूली का आरोप

रहवासियों ने बताया कि – नए मकान बनाने वालों से 35,000–40,000 तक अवैध NOC/मेंटेनेंस शुल्क लिया गया। पहले ही प्रत्येक प्लॉट मालिक से 69,000 विकास शुल्क वसूला जा चुका, लेकिन सुविधाओं का नामोनिशान नहीं।

रहवासियों की मांग

रहवासियों ने पुलिस से मांग की है कि – कॉलोनाइज़र पर सख्त कार्रवाई की जाए। कॉलोनी को नगर निगम को तत्काल हैंडओवर किया जाए। बिजली, पानी, सड़क, नाली और सफाई व्यवस्था तुरंत उपलब्ध कराई जाए।

पार्षद भी बेअसर- वार्ड के पार्षद सुरेश कुरवाड़े को भी कई बार अवगत कराया गया, मगर अब तक कोई ठोस निराकरण सामने नहीं आया।

मुख्य प्रार्थी निवासी- शैलेन्द्र सिंह, नथूराम कुमावत, अरविंद वर्मा, अश्विन सौरभ, रामचरण, सुनील पराग, भूपेंद्र, विनोद मिलान, राकेश राजपूत, राकेश डाबर, रमेश लश्करे, अनिल सिंह, राम सोलंकी सहित अन्य रहवासी।

# आगर मालवा के सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष पर भ्रष्टाचार के आरोप, 12 पार्षदों ने खोला मोर्चा



**आगर मालवा।** आगर मालवा सहित पूरे देशभर की राजनीति में काफी ज्यादा हलचल देखने को मिल रही है। सभी पार्टियां एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रही है। विपक्ष लगातार मुद्दे-पर-मुद्दे उजागर कर रही हैं, तो वहीं केंद्र सरकार अपनी कल्याणकारी योजनाओं को लगातार धरातल पर उतारने में लगी हुई है। इसी बीच आगर मालवा जिले की सुसनेर नगर परिषद इन दिनों बड़े राजनीतिक विवाद का केंद्र बनी हुई है। जिस कारण यह मुद्दा मीडिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल, यहां परिषद की अध्यक्ष लक्ष्मी राहुल सिसोदिया पर भ्रष्टाचार और विकास कार्यों में गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगे हैं। खास बात यह है कि आरोप लगाने वालों में खुद उनकी पार्टी बीजेपी के पार्षद भी शामिल हैं।

**12 पार्षदों का मोर्चा** – मिली जानकारी के अनुसार, नगर परिषद के कुल 15 पार्षदों में से 12 पार्षदों ने अध्यक्ष के खिलाफ खुलकर विरोध जताया है। इनमें बीजेपी के 7, कांग्रेस के 4 और एक निर्दलीय पार्षद शामिल हैं। शनिवार को इन सभी ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरा अध्यक्ष के कामकाज पर सवाल उठाए गए। साथ ही भ्रष्टाचार के आरोपों की जानकारी मीडिया को दी गई। पार्षदों का कहना है कि परिषद में विकास कार्यों के नाम पर बड़े पैमाने पर अनियमितताएं की गई हैं। इसके अलावा, फंड का गलत इस्तेमाल किया गया है और नियमों की अनदेखी भी हुई है। जिसके आधार पर अभी तक कई फैसले लिए गए हैं। पार्षद जितेंद्र सांवला ने बताया कि परिषद कार्यालय से एलईडी लैम्प चोरी होने का मामला दर्ज है। इसके अलावा, नए बस स्टैंड तालाब से जलकुंभी हटाने पर लाखों रुपये खर्च किए गए, लेकिन जलकुंभी हटाने के बाद वह कंठाल नदी में पहुंच गई, जो कि आगे बढ़कर किटखेड़ी तक फैल गई। इस कारण नलजल योजना का पानी दूषित हो रहा है, जिससे आम लोगों की सेहत पर खतरा मंडरा रहा है।

**वाहनों की खरीदी में घोटाले का आरोप** – पार्षद जितेंद्र सांवला और नईम अहमद मेव ने आरोप लगाया कि नगर परिषद ने कचरा ढोने के लिए पांच ई-रिक्शा खरीदे थे। इनकी खरीदी में 16.20 लाख रुपये का घोटाला हुआ है, जिसकी पुष्टि लोकायुक्त जांच में भी हुई है। इसके अलावा, हाथ ठेला कचरा गाड़ियों की खरीदी में भी 2.40 लाख रुपये का गबन किया गया है। इधर, अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल चुके पार्षद अब आगे की कार्रवाई में भी जुट गए हैं। उन्होंने एडीएम आर.पी. वर्मा को लिखित शिकायत दी है और अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**अध्यक्ष और पार्षदों के बीच टकराव** – बता दें कि मामले में पार्षदों का कहना है कि अध्यक्ष ने जिस तरह से कामकाज संभाला है, उससे जनता में नाराजगी बढ़ रही है। धीरे-धीरे उनमें आक्रोश की भावना बढ़ रही है। ऐसे में नगर परिषद में अध्यक्ष और पार्षदों के बीच टकराव ने सुसनेर की राजनीति को गर्मा दिया है। एक तरफ अध्यक्ष अपनी कुर्सी बचाने की कोशिश में हैं, वहीं दूसरी तरफ अधिकांश पार्षद उन्हें हटाने के लिए एकजुट नजर आ रहे हैं।

# पन्ना और जबलपुर की घटनाओं से भाजपा सरकार का आदिवासी चेहरा बेनक़ाब -माकपा

**भोपाल।** भाजपा सरकार में सिर्फ जिंदा गरीबों को मृत घोषित कर उनका वोट का अधिकार ही नहीं छीना जा रहा है बल्कि जिंदा आदिवासियों को मृत घोषित कर उनकी जमीनें भी हथियाई जा रही हैं द्य हथियाने वाले दबंग और भाजपा के चहेते होते हैं, इसलिए प्रशासन और शासन भी आदिवासियों को राहत देने से कन्नी काटता है मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने उक्त बयान जारी करते हुए कहा है कि चिंता की बात यह है कि पिछले दिनों पन्ना में सरकारी कागज़ों में मृत घोषित कर दी गई बुजुर्ग आदिवासी दंपति खुद को जीवित साबित करने के लिए जब प्रदेश तकनीकी शिक्षा मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार के कदमों में गिर पड़ी तब भी उन्हें न्याय नहीं मिला। उल्लेखनीय है कि यह दंपति पन्ना शहर से मात्र दस किलोमीटर दूर जनवार गांव की रहने वाले हैं द्य भूरा आदिवासी 85 साल का है और उनकी पत्नी केशकली दोनों जीवित हैं द्य जनवार गांव में उनकी 5 एकड़ जमीन है, जो मेडिकल कॉलेज के पास होने के कारण बेशकीमती हो गई है द्य इस जमीन पर कब्जा करने के लिए दबंगों ने पहले इस परिवार से मारपीट कर उन्हें गांव छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया । वे कटनी आकर रहने लगे । इस बीच दबंगों ने दंपति को मृत घोषित कर जमीन उसके बेटे रामेश्वर के नाम कर कब्जा कर लिया द्य रामेश्वर भी पिछले 35 साल से गांव छोड़ कर कटनी में रह रहा है द्य जसविंदर सिंह ने कहा कि अपनी जमीन पर कब्जे की जानकारी मिलते ही भूरा आदिवासी और केशकली अपने को जीवित साबित करने के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी खुद को जिंदा साबित नहीं कर पा रहे हैं द्य पिछले दिनों जब उन्हें मंत्री इन्दर सिंह परमार के पन्ना आने की जानकारी मिली तो वे मंत्री जी के कदमों में लेट कर न्याय की गुहार करने लगे । मगर मंत्री जी यह कहते हुए आगे निकल गए कि कलेक्टर आपकी समस्या का समाधान करेगा । जाहिर है कि मंत्री जी भाजपा समर्थक दबंगों को आंच नहीं आने देना चाहते हैं । माकपा नेता ने कहा है कि दूसरी घटना जबलपुर में तहसील हरदाली कलां की हैं, जहां आदिवासी छात्रावास में खराब भोजन खिलाने की वज़ह से 14 बच्चों की तबीयत खराब हो गई और एक 14 वर्षीय बच्चे राजाराम की मृत्यु हो गई । अभी भी दो बच्चों का इलाज चल रहा है द्य इस घटना से साफ है कि भाजपा सरकार की नजरों में आदिवासियों की जिंदगी की कोई कीमत नहीं है ।

# ग्वालियर में विवाहित महिला की संदिग्ध मौत: पति पर दूसरी शादी छुपाने और हत्या का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक विवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुराल में उसका शव कमरे में पलंग पर पड़ा हुआ मिला। मृतक महिला के परिजनों का आरोप है कि पति ने उसकी हत्या की है। जिसकी वजह चोरी छिपे की गई दूसरी शादी है। इसे लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। मृतक के पति का कहना है कि उसकी पत्नी प्रॉपर्टी में हिस्सा मांग रही थी। जिसका विवाद चल रहा है। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच पड़ताल शुरू कर दी हैं। दरअसल, ग्वालियर शहर के ललितपुर कॉलोनी रहने वाली पूजा परिहार की 2013 में थाटीपुर थाना क्षेत्र के सुरेश नगर के रहने वाले देवेंद्र सिंह राजपूत से शादी हुई थी। शादी के बाद उनके दो बेटियां भी हुई, सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। लेकिन शनिवार सुबह उसका शव ससुराल में उसके कमरे में पलंग के ऊपर पड़ा मिला है। जब वहां कमरे से बाहर नहीं आई तो उसके जेठ तेजेंद्र राजपूत कमरे में गए और शव देखकर होश उड़ गए।

**मायका पक्ष ने किया हंगामा**

इसकी सूचना जेठ ने तत्काल पुलिस और उसके पति देवेंद्र राजपूत को दी। तभी ससुराल वाले उसके शव को लेकर जयारोग्य अस्पताल में पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने भी उसे मृत घोषित कर दिया। इसका पता चलते ही पुलिस और मृतक महिला के मायके वाले भी मौके पर पहुंचे। महिला को मृत अवस्था में देख मायके के पक्ष के लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

**7 साल पहले चोरी छिपे की दूसरी शादी** – वहीं हंगामा कर रहे मायके के पक्ष के लोगों का आरोप था कि मृतक पूजा का पति 7 साल पहले एक तानसेन नगर निवासी महिला से चोरी छिपे शादी कर ली थी, जिसकी जानकारी उन्हें नहीं थी लेकिन उसके परिवार को थी। जिससे उसका एक बच्चा भी है। जब इस बात का पता उसकी पहली पत्नी पूजा को चला तो दोनों का आए दिन विवाद होने लगा और इसी विवाद के चलते उसने उसे मौत के घाट उतार दिया। आरोप हैं कि पति देवेंद्र पूजा को छोड़ दूसरी महिला के साथ ही रह रहा था। जबकि पूजा अपने ससुराल में ही रह रही थी। इधर, पति देवेंद्र का कहना है कि उसकी पत्नी पूजा प्रॉपर्टी में से हिस्सा मांग रही थी, जिसे लेकर उन दोनों के बीच विवाद भी चल रहा था और इसकी शिकायत दोनों ने पुलिस अधिकारियों से भी की हुई थी। लेकिन उसकी मौत कैसे हुई इस बात का उसे नहीं पता। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा दिया है। वहीं थाटीपुर थाना के टीआई दीपेंद्र सिंह चौहान का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल सकेगा। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सीहोर में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई में तीन तस्कर धराये, बोलेरो से 2280 किलो खैर की लकड़ी जब्त

**सीहोर।** सीहोर जिले के आष्टा वन परिक्षेत्र में अवैध लकड़ी परिवहन करने वाले तस्करों पर वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। देर रात टीम ने करीब दस किलोमीटर तक पीछा कर बोलेरो पिकअप वाहन को पकड़ा। वाहन में अवैध रूप से खैर की लकड़ी भरी हुई थी।

जानकारी के अनुसार वन विभाग को सूचना मिली कि धर्मपुरी बीट के अंतर्गत गुराडिया राव के पास से एक बोलेरो पिकअप अवैध लकड़ी ले जा रही है। सूचना पर रेंजर नवनीत झा ने तत्काल टीम गठित कर नाकाबंदी शुरू करवाई। तस्करों की गतिविधियों पर निगरानी रखी। टीम ने श्यामपुरा मार्ग पर संदिग्ध बोलेरो पिकअप को आते देखा। वाहन को रोकने की कोशिश हुई तो चालक भागने लगा। करीब 10 किमी पीछा करने के बाद वन अमले ने घेराबंदी कर वाहन को पकड़ लिया। जब तलाशी ली गई तो अंदर खैर की लकड़ियों का ढेर देखकर सभी दंग रह गए। जब्त वाहन से 2280 किलोग्राम खैर लकड़ी बरामद की गई। लकड़ी की कीमत लगभग 66 हजार रुपये आंकी गई है, जबकि बोलेरो पिकअप की कीमत करीब 7 से 10 लाख रुपये बताई गई। इस प्रकार कुल 11 लाख रुपये से अधिक मूल्य का मशरूका जब्त किया गया।

तीन आरोपी गिरफ्तार

वाहन चालक आदिल पिता साकिर खान निवासी उज्जैन, सूरज पिता अंतर बंजारा और बने सिंह पिता मांगीलाल बंजारा निवासी उमरदाड़ को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके। आरोपियों को वन अधिनियम के तहत न्यायालय में पेश किया गया। रेंजर नवनीत झा ने बताया कि विगत पांच महीनों में 40 लाख रुपये से अधिक की अवैध लकड़ी और वाहन जब्त किए जा चुके हैं। 12 मोटरसाइकिल, 5 ट्रैक्टर, 2 बोलेरो पिकअप और अन्य वाहन जब्त कर तस्करों की कमर तोड़ी गई है।

वन विभाग का सख्त संदेश

वन विभाग ने साफ किया है कि जंगल की अवैध कटाई और लकड़ी परिवहन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रेंजर नवनीत झा ने कहा कि ऐसे तस्करों पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि जंगल की हरियाली और पर्यावरण सुरक्षित रह सके।

# आत्मनिर्भरता व स्वदेशी के मूल मंत्र से ही भारत होगा मजबूत

आज देश के सामने सबसे बड़ी चिंता व चुनौती यह है कि सोची समझी साजिश के तहत देश की डेमोग्राफी को बदला जा रहा है एक नये व गंभीर संकट के बीज बोए जा रहे हैं। ये घुसपैठिए देश के नौजवानों की रोजी रोटी छीन रहे हैं। झूठ बोलकर बहन बेटियों को अपना निशाना बना रहे हैं।ये घुसपैठिए भोले-भाले आदिवासियों को भ्रमित करके उनकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। देश यह सहन नहीं करेगा जब-जब सीमावर्ती क्षेत्रों में डेमोग्राफी परिवर्तन होता है तब-तब राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा होता है। उन्होंने कहा कि दुनिया का कोई भी देश अपने देश को घुसपैठियों के हवाले नहीं कर सकता। हमारे पूर्वजों व महापुरूषों ने त्याग और बलिदान से हमें स्वतंत्र भारत दिया है। हमने एक हाई पावर डेमोग्राफी मिशन शुरू करने का निर्णय लिया है जोकि इस भीषण संकट से निपटने के लिए कार्य करेगा। ज्ञातव्य है कि बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठ के कारण असम सहित अनेक सीमावर्ती राज्यों के जिलों की डेमोग्राफी तेजी से बदल गई है व बदल रही है। कई राज्यों में घुसपैठियों के खिलाफ व्यापक अभियान भी चलाया जा रहा है।


**रणजीत टाइम्स**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कई कीर्तिमान एक साथ रच डाले। लाल किले की प्राचीर से 103 मिनट तक बोलते हुए अपने राजनैतिक जीवन का सबसे लंबा भाषण दिया। अपने संबोधन में हर क्षेत्र में स्वदेशी को अपनाने के साथ ही आत्मनिर्भरता को मजबूती प्रदान करने संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधार से लेकर राष्ट्रीय एवं धार्मिक महत्व की सभी संस्थाओं व केंद्रो की व्यापक स्तर पर सुरक्षा के लिए वर्ष 2035 तक ऑपरेशन सुदर्शन चक्र जैसी अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की। साथ ही, देश के विभिन्न स्थानों में बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठ के कारण हो रहे जनसांख्यकी परिवर्तन की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर मिशन मोड में अभियान प्रारंभ करने की घोषणा की है जो राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि लाल किले से उन्होंने विश्व के सबसे बड़े सामाजिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रशंसा की और उसे सबसे बड़ा एनजीओ बताया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस बार अपनी स्थापना के 100 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश वा समाज हित में किए गए संघ के कार्यों की चर्चा व प्रशंसा संघ के स्वयंसेवकों का उत्साहवर्द्धन करनेवाला तो रहा ही साथ ही यह भी स्पष्ट हो गया कि भाजपा और संघ के बीच कोई वैचारिक मतभेद हो ही नहीं सकता।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में स्वदेशी हथियारों के बल पर आपरेशन सिंदूर की सफलता की कहानी को देशवासियों के समक्ष एक बार पुनः रेखांकित किया और साथ ही पाकिस्तान को फिर से अत्यंत कड़ा संदेश देते हुए कहा कि सिंधु नदी का जल और खून मतलब आतंकवाद एक साथ नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि अगर हम हथियारों के मामले में आत्मनिर्भर ना होते तो क्या आप सोच सकते हैं कि इतना सफल ऑपरेशन सिंदूर संभव हो पाता। अमेरिका की शह पर अनर्गल प्रलाप करने वाले पाक सेना प्रमुख आसिम मुनीर को स्पष्ट संदेश दे दिया गया है कि अब भारत के साथ परमाणु हमले की ब्लैकमेलिंग नहीं चलने वाली। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत की नीति अभी तक पहले हमला नहीं करने की रही है।

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना- प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त के दिन से ही युवाओं के लिए एक लाख करोड़ रूपये की योजना लागू करने की घोषणा कर दी। इस योजना के तहत निजी क्षेत्र में पहली नौकरी पाने वाले युवकों को सरकार की ओर से प्रोत्साहन राशि के रूप में 15 हजार रूपए दिये जायेंगे। यह योजना करीब-करीब साढ़े तीन करोड़ नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर बनाएगी। नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार- पीएम मोदी ने इस दीपावली से जीएसटी सुधार के माध्यम से बड़ी राहत देने की घोषणा की है जिससे आम नागरिकों व छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत मिलने जा रही है।

हाई पावर डेमोग्रॉफी मिशन- प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि आज देश के सामने सबसे बड़ी चिंता व चुनौती यह है कि सोची समझी साजिश के तहत देश की डेमोग्राफी को बदला जा रहा है एक नये व गंभीर संकट के



बीज बोए जा रहे हैं। ये घुसपैठिए देश के नौजवानों की रोजी रोटी छीन रहे हैं। झूठ बोलकर बहन बेटियों को अपना निशाना बना रहे हैं।ये घुसपैठिए भोले-भाले आदिवासियों को भ्रमित करके उनकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। देश यह सहन नहीं करेगा जब-जब सीमावर्ती क्षेत्रों में डेमोग्राफी परिवर्तन होता है तब-तब राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा होता है। उन्होंने कहा कि दुनिया का कोई भी देश अपने देश को घुसपैठियों के हवाले नहीं कर सकता। हमारे पूर्वजों व महापुरुषों ने त्याग और बलिदान से हमें स्वतंत्र भारत दिया है। हमने एक हाई पावर डेमोग्राफी मिशन शुरू करने का निर्णय लिया है जोकि इस भीषण संकट से निपटने के लिए कार्य करेगा। ज्ञातव्य है कि बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठ के कारण असम सहित अनेक सीमावर्ती राज्यों के जिलों की डेमोग्राफी तेजी से बदल गई है व बदल रही है। कई राज्यों में घुसपैठियों के खिलाफ व्यापक अभियान भी चलाया जा रहा है। झारखंड जैसे छोटे राज्यों में यह समस्या बहुत विकराल रूप ले चुकी है और गत चुनावों में यह एक प्रमुख चुनावी मुद्दा भी बना था।

समुद्र मंथन- प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में समुद्र मंथन योजना की ऐतिहासिक घोषणा करते हुए कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए भारत नेशनल डीप वाटर एक्सप्लोरेशन मिशन शुरू करने जा रहा है। हम समुद्र से भारत के लिए तेल और गैस खोजने का अभियान प्रारंभ करने जा रहे हैं जिससे हम इस क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर हो सकें ।इस अभियान को समुद्र मंथन नाम दिया गया है।

सुदर्शन चक्र मिशन- प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में 2035 तक देश के सभी सामरिक व सेना के साथ ही आस्था के सभी महत्वपूर्ण केंद्रो को स्वदेशी तकनीक आधारित व्यापक सुरक्षा कवच देने की महत्वपूर्ण घोषणा की है और इस कवच का लगातार विस्तार होता जाएगा ताकि देश का हर नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करे। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण से प्रेरणा लेकर हमने सुदर्शन चक्र की राह को चुना है। ये एक पावरफुल वैपन सिस्टम होगा जो दुश्मन के हमले को नष्ट तो करेगा ही करेगा साथ ही, कई गुना अधिक शक्ति से दुश्मन पर हिटबैक करेगा।

परमाणु ऊर्जा क्षमता- 2047 तक 10 गुना बढ़ाने का लक्ष्य भी रखा गया है। इसके लिए परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में 10 नए परमाणु रिएक्टर का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। हम परमाणु ऊर्जा क्षमता 10 गुना से भी अधिक बढ़ाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

मेड इन इंडिया जेट इंजन- प्रधानमंत्री मोदी ने देश के युवा वैज्ञानिकों एवं तकनीकिशियनों से पूछा कि हमारे देश का अपना पूरी तरह से स्वदेशी जेट इंजन होना चाहिए कि नहीं होना चाहिए। आगे कहा हमें स्वदेशी जेट इंजन का निर्माण करना है तभी हम पूरी तरह आत्मनिर्भर होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में एक मंत्र दिया है और वह है दाम कम, लेकिन दम ज्यादा। अर्थात उन्होंने उद्यमियों और उद्योगों से उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाने पर अधिक ध्यान देन का आह्वान किया ताकि हम वैश्विक बाजार में अपने उत्पादों की धूम मचा सकें। अगर हमें वैश्विक बाजार में अपने उत्पादों की क्षमता प्रदर्शित करनी है तो हमें गुणवत्ता के मोर्चे पर निरंतर नई ऊचाईयों को छूना होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया के प्रभावशाली लोगों के साथ-साथ राजनीतिक दलों से भी घरेलू स्तर पर निर्मित उत्पादों को अपनाने और बढ़ावा देने का आग्रह किया। अपने संबोधन के माध्य से प्रधानमंत्री मोदी ने एकमात्र यही संदेश दिया है कि अब आत्मनिर्भरता ही सुरक्षित भारत का मूल मंत्र है। फिर वह चाहे जो भी क्षेत्र हो। उर्वरकों में आत्मनिर्भरता का संकल्प- प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन में उर्वरकों के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता का संकल्प दिखा। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा के लिए उर्वरक में भी आत्मनिर्भर होना जरूरी है ताकि विदेशी दबाव से किसानों को मुक्त किया जा सके। उन्होंने यह भी साफ किया कि खेती की लागत घटना ही सिर्फ लक्ष्य नहीं है अपितु किसानों की आय बढ़ाने के लिए सस्ती खाद भी उपलब्ध कराना आवश्यक है।

इस प्रकार प्रधानंमत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अपने संबोधन में देश की सुरक्षा से लेकर आर्थिक विकास एवं आमजन की सुख-समृद्धि में बढ़ोत्तरी के लिए एक व्यापक कार्य योजना प्रस्तुत की है। बच्चों, युवाओं, उद्यमियों से लेकर किसानों तक समाज के सभी वर्गो को संबोधित किया और 2047 तक भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का विज़न वा कार्ययोजना देशवसियों के समक्ष रखी।



# घरों में घुसा चंबल का पानी, बुलाई गई सेना

- राजस्थान के कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर और टोंक में बाढ़
- जम्मू के आईआईईएम कैंपस में भरा पानी, 150 छात्र फंसे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजस्थान में लगातार बारिश होने से कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर और टोंक में बाढ़ जैसी स्थिति है। बूंदी में चंबल का पानी घरों में घुस गया। स्टेट हाईवे की सड़क उखड़ गई। राहत-बचाव के लिए सेना बुलाई गई है। एयरफोर्स का एमआई-17 हेलीकॉप्टर भी तैनात किया गया है। जम्मू-कश्मीर में तेज बारिश के चलते इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटिव मेडिसिन कैंपस परिसर में पानी भर गया। हॉस्टल की बिल्डिंग एक मंजिल तक डूब गई। 150 स्टूडेंट बिल्डिंग के ऊपरी हिस्से में फंसे हैं। एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू कर रही है। यूपी में भी बारिश से डैम, नदियां और नाले उफान पर हैं। अब तक 8 बांधों के गेट खोले जा चुके हैं। मिर्जापुर में अहरौरा बांध ओवरफ्लो हो गया है। इसके चलते 9 साल बाद 22 गेट खोलने पड़े। प्रदेश में 20 से ज्यादा गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। कई खेत पानी में डूब गए। मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार को देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बारिश का अलर्ट है।

## गुजरात में सीरियाई नागरिक गिरफ्तार, शरीर पर गोलियों के निशान

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात के अहमदाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले क्राइम ब्रांच ने शनिवार को एलिसब्रिज रीगल होटल से एक सीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान 23 साल के अली मेघात अल-अजहर के रूप में की गई है। क्राइम ब्रांच के जाइंट पुलिस कमिश्नर शरद सिंघल ने



बताया कि अली के पास से 3600 अमेरिकी डॉलर और 25 हजार भारतीय कैश मिला है। उसके शरीर पर गोलियों सहित चोट के कई निशान पाए गए हैं। उसके मोबाइल में गाजा में भुखमरी और वहां के लोगों पर हो रहे अत्याचार के वीडियो भी मिले हैं। पुलिस के मुताबिक, अली अपने 3 साथियों के साथ गाजा पीड़ितों के नाम पर मस्जिदों और दूसरे जगहों से फंड जुटाता था। फिर उन पैसों से लग्जरी लाइफस्टाइल जीते थे। अन्य 3 सीरियाई नागरिक फरार हैं।

# भारत अब 100 देशों को एक्सपोर्ट करेगा 'ईवी'

## मोदी बोले-दुनिया को धीमी विकास दर से निकालेगा बाहर

### पीएम ने कहा-हमारे पास तेज धारा को मोड़ने की है ताकत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत अब दुनिया को धीमी विकास दर से बाहर निकालने की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि हम ठहरे हुए पानी में कंकड़ फेंकने वाले लोग नहीं हैं। हम तेज बहती धारा को भी मोड़ने की ताकत रखते हैं। भारत अब समय की धारा को भी दिशा देने की क्षमता रखता है। पीएम ने कहा- भारत अब एक बड़ा माइलस्टोन हासिल करने जा रहा है। देश जल्द ही 100 देशों को इलेक्ट्रिक वाहन निर्यात करेगा। भारत की प्रगति का आधार रिसर्च और इनोवेशन है। उन्होंने कहा बाहर (विदेश) से खरीदी गई रिसर्च सिर्फ जीने भर के लिए काफी है, लेकिन भारत की बड़ी आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर सकती। केंद्र सरकार ने रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए लगातार नीतियां और नए प्लेटफॉर्म बनाए हैं। भारत अब सिर्फ गाड़ियां ही नहीं, बल्कि मेट्रो कोच, रेल कोच और लोकोमोटिव (रेल इंजन) भी विदेश भेज रहा है। उन्होंने यह बात ईटी वर्ल्ड लीडर्स फोरम 2025 में ये बात कही।



2014 से पहले भारत का ऑटोमोबाइल निर्यात करीब 50,000 करोड़ सालाना था। आज यह बढ़कर 1.2 लाख करोड़ सालाना हो गया है। जून 2025 में 22 लाख नई नौकरियां मिलीं।

# बच्चे देश की धरोहर, इनकी प्रतिभाओं को संवारना हम सबका दायित्व

- मुख्यमंत्री यादव ने फूल माली समाज के मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित
- सीएम ने कहा-उज्जैन में समाज की धर्मशाला निर्माण के लिए देंगे सहायता राशि
- कहा-बागवानी संवर्धन और फ्लॉवर डेकोरेशन को बढ़ावा दे रही है हमारी सरकार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बच्चे देश की अमूल्य धरोहर हैं। इनमें निहित असीमित प्रतिभाओं को निखारना और आगे बढ़ाना हम सबका दायित्व है। बच्चों और युवाओं की प्रतिभाएं ही देश को विकास पथ पर आगे ले जाती है। उन्होंने कहा कि बच्चे खूब पढ़े-लिखें और अपना भविष्य संवारें, सरकार हर घड़ी उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रायमरी कक्षा से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को हमारी सरकार छात्रवृत्ति दे रही है। सबके रोजगार की व्यवस्था भी हम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम 1 लाख पदों पर भर्ती करने जा रहे हैं। अगले पांच साल में 2.50 लाख शासकीय पदों पर भर्ती करेंगे। पुलिस की भर्तियां भी जारी हैं। इस साल 7500 पदों पर भर्तियां निकाली हैं। पुलिस की भर्ती के लिए अलग से पुलिस भर्ती बोर्ड भी बनाया जा रहे हैं। अगले तीन साल में हर साल 7500 पदों पर भर्ती कर हम पुलिस विभाग के सभी रिक्त पदों की पूर्ति कर लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भोपाल स्थित हिन्दी भवन में फूल माली समाज के 16वें राज्यस्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले फूल माली



समाज के प्रतिभाशाली एवं मेधावी विद्यार्थियों को मंच से प्रशस्ति-पत्र और सम्मान निधि देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फूल-माली समाज के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए हमारी सरकार पुष्प कलाकारी (फ्लॉवर डेकोरेशन) को बढ़ावा दे रही है। अभी हाल ही में जन्माष्टमी में सरकार ने सभी श्री कृष्ण मंदिरों में पुष्प सज्जा के लिए आकर्षक पुरस्कार भी घोषित किए। उन्होंने कहा कि पुष्प और संस्कार दोनों एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। जिस तरह फूल सभी को प्रिय हैं, उसी प्रकार फूल-माली समाज भी सबका प्रिय है। खेती-किसानी और बागवानी का चोली-दामन का साथ है। किसान खेत में परिश्रम करता है और फूल माली समाज बागों में। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बागवानी संवर्धन के लिए भी राज्य सरकार अनेक कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फूल माली समाज ने अपने परिश्रम, लगन और कर्मठता से एक अलग पहचान बनाई है। समाज के बच्चों और युवाओं ने अपनी प्रतिभा से न केवल प्रदेश, बल्कि देश-विदेश में भी नाम रोशन किया है। ऐसे होनहारों का सम्मान करना वास्तव में हम सबके लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री ने बच्चों और युवाओं को कड़ी मेहनत, लगन और ईमानदारी से अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा दी।

# जर्मनी से 70 हजार करोड़ में 6 पनडुब्बियां खरीदेगा भारत

- जर्मन कंपनी से बातचीत को मंजूरी, इजराइल से भी रैम्पेज मिसाइल लेगी सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सरकार वायुसेना और नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए दो बड़ी डील करने के लिए तैयार हो गई है। पहली डील रक्षा मंत्रालय और मझगांव डॉकयार्ड्स लिमिटेड जर्मनी से 6 सबमरीन खरीदने वाली है। सरकार ने प्रोजेक्ट 75 इंडिया के तहत भारत में बनने वाली इन पनडुब्बियों की खरीद को लेकर बातचीत शुरू करने की मंजूरी दे दी है। यह डील 70 हजार करोड़ में हो सकती है। वहीं, भारत सरकार इजराइली रैम्पेज एयर-टू-ग्राउंड मिसाइलों की बड़ी खेप खरीदने वाली है। सूत्रों के अनुसार, यह ऑर्डर जल्द ही फास्ट-ट्रैक प्रक्रिया के तहत दिया जाएगा। रैम्पेज मिसाइलों का इस्तेमाल पाकिस्तान के मुरीदके और बहावलपुर स्थित आतंकवादियों मुख्यालयों पर



सटीक हमलों में किया था। रक्षा मंत्रालय ने जनवरी में जर्मन कंपनी थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स के साथ एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन सिस्टम वाली छह पनडुब्बियां बनाने के लिए मझगांव डॉकयार्ड को अपना साझेदार चुना था। रक्षा अधिकारियों ने न्यूज एजेंसी से कहा कि न्यूज मंत्रालय और कंपनी के बीच इस महीने के आखिर तक यह प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। रक्षा मंत्रालय और भारतीय नौसेना अगले 6 महीने में कॉन्ट्रैक्ट पर फाइनल मंजूरी देगी।

# पूजा पाल को भाजपा वाले मार देंगे, जेल हम लोग जाएंगे

- अखिलेश बोले-इसलिए जांच हो, आखिर किससे है खतरा

**लखनऊ (एजेंसी)।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। लखनऊ में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने कहा- विधायक पूजा पाल को भाजपा वाले मार देंगे, जेल हम लोग जाएंगे। इसलिए, जांच होनी चाहिए कि पूजा पाल को किससे खतरा है। यूपी सरकार पर भरोसा नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि कोई सीएम से मिल रहा हो और उसे जान का खतरा हो। इस मामले में सपा ने



गृहमंत्री को लेटर लिखा है। पूरी जांच की जानी चाहिए। पूजा पाल जितने साल तक सपा के साथ थीं, तब उन्हें कोई जान का खतरा नहीं था। दरअसल, दो दिन पहले पूजा पाल ने एक्स पर लेटर पोस्ट करके अखिलेश यादव पर आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि अगर मेरे पति की तरह मेरी हत्या हो तो इसका दोषी समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव को माना जाए।

# भारतीय एयर डिफेंस वेपन सिस्टम का पहला टेस्ट सफल

- यह सुदर्शन चक्र मिशन का एक हिस्सा, ड्रोन अटैक के खिलाफ रक्षा कवच बनेगा

**चांदीपुर (एजेंसी)।** भारतीय रक्षा अनुसंधान संगठन ने ओडिशा के तट पर इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम का पहला टेस्ट किया है। यह एक मल्टीलेयर एयर डिफेंस सिस्टम है, जिसमें सभी स्वदेशी क्विक एक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल, एडवांस्ड वैरी शॉर्ट एयर डिफेंस सिस्टम मिसाइलें और हाई पावर लेजर बेस्ड डायरेक्टेड एनर्जी वेपन शामिल हैं। यह परीक्षण शनिवार (23 अगस्त) को किया गया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा- इस परीक्षण ने हमारे देश की मल्टी लेयर एयर डिफेंस



कैपेबिलिटी बढ़ाई है। यह सिस्टम दुश्मन के हवाई खतरों के खिलाफ रीजनल डिफेंस को मजबूती देगा। यह सुदर्शन चक्र मिशन का एक हिस्सा माना जा रहा है। यह स्वॉर्म (एकसाथ छोड़े गए कई ड्रोन्स) ड्रोन अटैक के खिलाफ रक्षा कवच बनेगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से दिए अपने भाषण में सुदर्शन चक्र मिशन की घोषणा की थी। परीक्षण के दौरान इस सिस्टम ने 2 हाई स्पीड फिक्स विंग अनमैन्ड ड्रोन, मल्टी कॉप्टर ड्रोन समेत तीन अलग-अलग टारगेट पर अटैक किया। ये तीनों टारगेट अलग-अलग हैं।

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष की लड़ाई पहुंची दिल्ली: इंदौर के नए अध्यक्ष के विरोध में AICC के बाहर धरने पर बैठे कार्यकर्ता



**इंदौर।** मध्यप्रदेश में कांग्रेस जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद जारी सियासी बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में कांग्रेस जिला अध्यक्ष की लड़ाई अब दिल्ली तक पहुंच गई है। प्रदेश के इंदौर जिला के नए अध्यक्ष के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने हटाने मोर्चा खोल दिया है।

इंदौर जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े की नियुक्ति का विरोध

दरअसल विरोध करने बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे हैं। आल इंडिया कांग्रेस कमेटी दफ्तर के बाहर इंदौर जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े की नियुक्ति को लेकर विरोध जारी है। कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कांग्रेस दफ्तर के बाहर धरने पर बैठकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

दिल्ली में एमपी कांग्रेस की ट्रेनिंग

कार्यकर्ता इंदौर जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े को हटाने की मांग पर अड़े हुए हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आरोप है कि दूसरे जिले के नेता को इंदौर का नया जिला अध्यक्ष बना दिया गया है। बता दें कि भोपाल, इंदौर, देवास, उज्जैन समेत कई जिलों में नियुक्ति को लेकर विरोध की तस्वीर सामने आ चुकी है। दिल्ली में मध्यप्रदेश कांग्रेस के जिला और शहर अध्यक्षों की ट्रेनिंग हुई।

# एमपी में SAF के पास होगी मेट्रो की कमान: इंदौर एसएएफ आईजी ने पत्र लिखकर मंगाई जानकारी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश में मेट्रो की कमान स्स्र के पास होगी। सरकार निजी सुरक्षा कंपनी की जगह खुद की स्स्र कंपनी बनाएगी। इंदौर एसएएफ आईजी ने पत्र लिखकर अधिकारियों जवानों की जानकारी मंगाई है। मेट्रो सुरक्षा की नई कंपनी में 40 से 45 साल के आरक्षक से लेकर इंस्पेक्टर शामिल रहेंगे। मेट्रो यात्रियों की सुरक्षा और स्टेशन की सुरक्षा के लिए नई स्स्र कंपनी बनाई जा रही है। इंदौर मेट्रो के बाद भोपाल मेट्रो में भी स्स्र के जवान तैनात होंगे। विभाग में जवानों की जानकारी के साथ-साथ पुराने रिकॉर्ड के साथ आवेदन बुलाया है। पत्र में लिखा- कृपया उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि इंदौर शहर में मेट्रो नेटवर्क की योजना अंतर्गत 31 मई 2025 से पहली मेट्रो रेल सेवा का माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 6.3 किलोमीटर लंबे ÷सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर ÷ का वर्चुअल उदघाटन किया गया है तथा आगामी चरणों के लिए कार्य प्रगति पर है।

उपरोक्तानुसार इंदौर शहर में मेट्रो ट्रेन के संचालन होने से आम जनता की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए विसबल की 01 मेट्रो कंपनी का गठन किया जाना है। अतः वाहिनी से निरीक्षक से आरक्षक स्तर के 40 से 45 वर्ष तक की आयु के इच्छुक अधिकारियों / कर्मचारियों से आवेदन प्राप्त कर मय सूची के 01 सप्ताह में निम्नांकित प्रारूप में इस कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें।

# एमआईजी क्षेत्र के नाश्ते की दुकान में गैस सिलेंडर की नली फटने से लगी आग, सामान जलकर खाक, कोई जनहानि नहीं



**इंदौर।** एमआईजी क्षेत्र में रविवार दोपहर अचानक एक नाश्ते की दुकान में आग लग गई। जानकारी के अनुसार, नेहरू नगर मेन रोड स्थित 'रीवा सीधी नाश्ते' की दुकान में गैस सिलेंडर की नली फटने से आग भड़क उठी। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

कर्मचारी समय रहते बाहर निकले

एमआईजी थाना पुलिस के एएसआई शेखर पंवार ने बताया कि दुकान के मालिक अरुण पुत्र शिव वर्मा हैं। रविवार दोपहर करीब 1 बजे जब कर्मचारी काम कर रहे थे, तभी अचानक सिलेंडर की नली फटी और आग तेजी से फैल गई। मौके पर मौजूद तीनों कर्मचारियों ने तुरंत बाहर भागकर अपनी जान बचाई।

दुकान का सामान जलकर खाक

हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, लेकिन दुकान के भीतर रखा फर्नीचर और अन्य सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

स्थानीय लोगों ने की मदद

आसपास के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि वे असफल रहे। बाद में दमकलकर्मियों ने पूरी तरह आग पर काबू पा लिया।

# 85 लाख की अवैध शराब जब्त: इंदौरी कनेक्शन उजागर, रोजाना होती है करोड़ों की तस्करी

**इंदौर।** कनाडिया पुलिस ने फिल्मी अंदाज में कार्रवाई करते हुए शराब तस्करी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 85 लाख रुपये से अधिक कीमत की अंग्रेजी शराब जब्त की है। बरामद शराब में 411 पेटी रॉयल स्टैग और 811 पेटी ऑल सीजन शामिल है। हालांकि पुलिस की इस बड़ी सफलता के बाद अब इंदौर से जुड़े शराब माफियाओं के कनेक्शन भी सामने आने लगे हैं।

सूत्रों के अनुसार यह सिर्फ एक खेप नहीं है, बल्कि गुजरात और अन्य राज्यों में रोजाना लाखों रुपये की अवैध शराब सप्लाई की जाती है। कनाडिया पुलिस की कार्रवाई के बाद इंदौर के तस्करों ने अपने राजनीतिक और सफेदपोश संपर्कों को सक्रिय कर दिया है ताकि बड़े सरगना तक मामला न पहुंचे।

क्यों है सस्ती अंग्रेजी शराब की डिमांड?

सस्ती कीमत और चर्चित ब्रांड होने के कारण यह शराब छोटे ढाबों, होटलों से लेकर बड़े प्रतिष्ठानों तक में खपाई जाती है। यही वजह है कि तस्कर लगातार अवैध शराब की खेपें गुजरात और अन्य राज्यों तक पहुंचा रहे हैं।

फिलहाल पुलिस के पास सीमित जानकारी

गिरफ्तार किए गए सिर्फ ट्रक ड्राइवर और क्लीनर हैं। जिस ट्रक से शराब लाई जा रही थी, वह इंदौर पासिंग है और बिना परमिट के सड़कों पर दौड़ रहा था। ट्रक मालिक कौन है और असली सरगना कौन है, इस बारे में पुलिस के पास अब तक कोई ठोस जानकारी नहीं है। परिवहन विभाग में भी ट्रक का कोई पुख्ता रिकॉर्ड दर्ज नहीं है।

पुलिस जांच जारी

फिलहाल जब्त खेप को लेकर पुलिस और आबकारी विभाग जांच में जुटे हैं। लेकिन जानकारों का कहना है कि यह नेटवर्क काफी बड़ा है और इंदौर से लेकर भोपाल-दिल्ली तक इसकी पहुंच बनी हुई है।

# अग्रवाल पब्लिक स्कूल की 2 करोड़ टैक्स वसूली पर रोक, अपीलीय कोर्ट ने नगर निगम का आदेश किया निरस्त

**इंदौर।** अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के नाम से चलाए जा रहे अग्रवाल पब्लिक स्कूल की 2 करोड़ की टैक्स वसूली फिलहाल टल गई है। इस मामले में नगर निगम के अपर आयुक्त राजस्व द्वारा जारी आदेश को अपीलीय कोर्ट ने निरस्त करते हुए पुनः सुनवाई कर विधि सम्मत आदेश पारित करने के निर्देश दिए हैं। उक्त स्कूल को 15 फरवरी 2020 को नोटिस जारी कर 2 करोड़ से अधिक बकाया टैक्स जमा करने को कहा गया। इसमें शिक्षा उपकर एवं अर्बन टैक्स भी शामिल किए गए थे। इस नोटिस के खिलाफ अपर आयुक्त राजस्व नगर निगम के समक्ष अपील पेश की गई। इसे निरस्त कर दिया गया। इस पर ट्रस्ट द्वारा सेशन कोर्ट में सीनियर एडवोकेट विशाल बाहेती के माध्यम से अपील दायर की गई। इसमें कहा गया कि यह स्कूल मध्य प्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट के तहत संचालित हो रहा है। हाईकोर्ट के न्याय दृष्टांतो का हवाला देते हुए कहा गया कि जिन शैक्षणिक संस्थाओं को नगरपालिका अधिनियम 136 (ग) के अंतर्गत संपत्ति कर की छूट प्रदान की गयी है। उनसे शिक्षा उपकर एवं नगरीय कर भी नहीं लिया जा सकता है। इस तथ्य को नगर निगम द्वारा विचार में न लेकर उक्त आदेश पारित करने में गंभीर भूल की है। सभी के तर्क सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश योगेन्द्र कुमार त्यागी की कोर्ट ने माना कि अपर आयुक्त राजस्व का आदेश स्थिर रखे जाने योग्य नहीं है, इसे अपास्त किया जाता है एवं उन्हें निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी पक्ष के द्वारा उनके समक्ष पूर्व में प्रस्तुत की गई आपत्तियों के संबंध में पुनः सुनवाई का अवसर देकर, विधिक प्रावधानों एवं म.प्र. राज्य के द्वारा समय-समय पर जारी नोटिफिकेशन के प्रकाश में विधिसम्मत आदेश पारित करें एवं आलोच्य आदेश के उपरांत यदि उसके पालन में यदि अन्य कोई कार्यवाही प्रारंभ की गई हो तो वे भी निरस्त समझी जाए।

# गणेश उत्सव पर्यावरण अनुकूल होगा थ्री आर की तर्ज पर बनेंगे पंडाल

## पीओपी मूर्तियों पर सख्ती से रोक, सिर्फ मिट्टी की मूर्तियां



**इंदौर।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार नगर निगम इंदौर ने आगामी गणेश उत्सव को पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में विशेष पहल की है। इस क्रम में सिटी बस ऑफिस सभागृह में अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया की अध्यक्षता में गणेश पंडाल समितियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सिसोनिया ने कहा कि इस बार 3 आर (रिड्यूस, रीयूज़, रीसाईकिल) के सिद्धांत पर हर पंडाल का निर्माण होना चाहिए। पंडालों में प्लास्टिक और थर्माकोल का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। जबकि, सजावट व निर्माण में रीसाइकिल व पुनः उपयोग योग्य सामग्री का प्रयोग किया जाएगा। अपर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जो भी समिति पर्यावरण हितैषी पंडाल बनाएगी,उन्हें निगम द्वारा सम्मानित किया जाएगा। साथ ही मूर्तियों में केवल मिट्टी का उपयोग करने और पीओपी की मूर्तियों से बचने की अपील की गई।

**स्वच्छ इंदौर का संकल्प:** सिसोनिया ने कहा कि इंदौर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में देश का आदर्श रहा है। इस परंपरा को बनाए रखते हुए गणेश उत्सव को भक्ति के साथ स्वच्छता और हरित जीवनशैली का संदेश देना होगा। नगर निगम ने सभी समितियों से आग्रह किया कि सजावट, आयोजन और विसर्जन की हर प्रक्रिया पर्यावरण हितैषी हो।

# विधायक महेंद्र हार्डिया का जन्मदिन सादगी और पौधरोपण के साथ मना

## खजराना गणेश मंदिर में अभिषेक, भोजन प्रसादी का वितरण



**इंदौर।** विधानसभा क्रमांक 5 के विकास के वाहक, जनप्रिय, ऊर्जावान विधायक महेंद्र हार्डिया के जन्मदिवस पर महेश दृष्टिहीन कल्याण संघ में गौरव हार्डिया और दीपिका हार्डिया के साथ बच्चों को भोजन कराया। महापौर परिषद सदस्य राजेश उदावत ने बताया कि इस अवसर पर एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया पार्षद पुष्पेंद्र पाटीदार, पार्षद संगीता महेश जोशी और मंडल अध्यक्ष रामबाबू यादव उपस्थित रहे! विधायक महेंद्र हार्डिया बाबा के जन्मदिन के अवसर पर खजराना गणेश मंदिर में कार्यकर्ताओं ने बाबा के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की और गणेश जी का अभिषेक किया।

इस पावन अवसर पर कार्यकर्ताओं की ओर से भक्तों को भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। विधायक के जन्मदिन पर वार्ड क्रमांक 49 के गोयल नगर स्थित ग्रीन बेल्ट में 72 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य व क्षेत्रीय पार्षद राजेश उदावत एवं विधायक के पुत्र गौरव हार्डिया एवं पुत्रवधू दीपिका हार्डिया, मंडल अध्यक्ष दीपेश पालविया, वार्ड संयोजक तीरथ पाल यादव, सह संयोजक पवन भार्गव, राकेश जैन, विश्वजीत चौहान, अजय जैन, पंकज चौहान, अभिषेक सोनी, मुनेश सोनकर, प्रवीण जैन, जितेश जोशी, राकेश मेहता और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जीआरपी ब्यावरा की बड़ी सफलता ट्रेनों में जेवर चोरी करने वाले गिरोह के फरार दो आरोपी उत्तराखण्ड से गिरफ्तार



रणजीत टाइम्स

ब्यावरा । जीआरपी थाना ब्यावरा ने ट्रेनों में यात्रियों के कीमती जेवरात चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के दो फरार आरोपियों को उत्तराखण्ड से गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तारी के दौरान सोने के जेवर भी बरामद किए गए हैं। इससे पूर्व इसी गिरोह के तीन आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। फरियादी अपने परिवार के साथ ट्रेन संख्या 19342 बीना-नागदा पैसेंजर में यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान राघौगढ़ स्टेशन से उज्जैन जाते समय फरियादी का ट्रॉली बैग, जिसमें करीब 17.70 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात रखे थे, कुम्भराज व शाजापुर स्टेशन के बीच अज्ञात आरोपियों द्वारा चोरी कर लिया गया। इस पर थाना जीआरपी ब्यावरा में अपराध का प्रकरण दर्ज किया गया।

विशेष टीम का गठन- किया गया गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर संतोष कोरी ,ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा पाठक सोनी एवं उप पुलिस अधीक्षक ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी सहायता और मुखबिर सूचना के आधार पर टीम ने उत्तराखण्ड में दबिश देकर गिरोह के दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

आरोपी कासिम उर्फ रोहिल पिता मो. सफीक (उम्र 34 वर्ष, निवासी कुंडा, जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड) कब्जे से सोने का एक बाजूबंद, अनुमानित मूल्य 2,00,000/- शान अली पिता छोटे उर्फ कानमेलिया (उम्र 41 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 9, कुंडा, जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड) कब्जे से सोने का मांगटीका, अनुमानित मूल्य 50,000/-।

गिरोह के सदस्य प्राय ट्रेनों के जनरल कोच में यात्री बनकर सफर करते थे। ये भीड़भाड़ का फायदा उठाते हुए यात्रियों के बैग पर नजर रखते, उन्हें बातचीत में उलझाते और फिर पेपर से ढककर बैग की चैन खोलकर सामान चोरी कर लेते थे। चोरी के बाद चैन वापस बंद कर देते थे जिससे यात्री को तुरंत भनक भी नहीं लगती थी। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गोपाल सिंह कनासिया, प्र आर रविन्द्र परते, मनोज चौधरी, राहुल जाट, जितेन्द्र यादव, साइबर सेल से प्रआर दीपक चौहान, आर धीरज राय, दीपक गोड, एवं देवेन्द्र बाबू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# चैंबर में गिरा नंदी गौरक्षा सेना गौसेवा समिति शाजापुर के पदाधिकारियों ने बाहर निकाला

रणजीत टाइम्स

शाजापुर । राजराजेश्वरी मंदिर के पीछे मंगल नाथ महादेव के सामने नगर पालिका द्वारा बनाए गए चैंबर में दोपहर करीब 3 बजे एक नंदी के गिरने की सूचना गौरक्षा सेना के अध्यक्ष अशोक खींची को मिली जिस पर मौके पर जाकर देखा तो नंदी महराज चैंबर में फंसे थे अशोक खींची के द्वारा अन्य पदाधिकारीयो को सूचना कर मौके पर बुलाया करीब 30 मिलिट की कड़ी मेहनत के रेस्क्यू कर नंदी महराज को सुरक्षित बाहर निकाला एवं प्राथमिक उपचार किया। इस मौके पर गौरक्षा सेना के अध्यक्ष अशोक खींची,गौरक्षा सेना के नगर महासचिव हर्षित परमार,नगर सचिव चंद्रशेखर जाटव,उपाध्यक्ष अजय राजोरिया एवं गौरक्षा सेना के सदस्य देव देवतवाल,अजय गुर्जर,विक्की मालवीय,रोहित माली, मौजूद रहे।



# मौलाना के 3 युवाओ ने भाजपा छोड कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

## भाजपा की किसान विरोधी नीति से आहत होकर कांग्रेस मे हुए शामिल

रणजीत टाइम्स

सरदारपुर । सरदारपुर विधानसभा के ग्राम मौलाना के 3 युवाओ ने रविवार को भाजपा छोडकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। विधायक प्रताप ग्रेवाल ने युवाओ का पुष्पमाला से स्वागत कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करवाई। ग्राम मौलाना के मोतीलाल मारू, लक्कीराजसिंह राठौर, हिरालाल मेडा भाजपा छोड कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। मोतीलाल मारू ने बताया कि विधायक प्रताप ग्रेवाल के कार्यो से प्रभावित होकर एवं भाजपा की किसान विरोधी नीति के कारण भाजपा छोड कांग्रेस मे शामिल हुए है क्योकि भाजपा की सरकार मे सोयाबीन, गैहु, प्याज, लहसुन के उचित भाव नही मिल रहे है फसल बीमा भी सही नही मिला है। इस दौरान कुशालसिंह राठौर, गजराज भूरिया, किशोर कटारा, लक्की पटेल, बन्टी बना आदि मौजूद रहे। यह जानकारी विधायक कार्यालय से विष्णु चौधरी द्वारा दी गई।



# मिट्टी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

रणजीत टाइम्स

राजगढ़ । नर्मदा समग्र अभियान अंतर्गत माटी गणेश सिद्ध गणेश के अंतर्गत। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सरदारपुर द्वारा मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनाने के लिए प्रशिक्षण तथा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन श्री राजेंद्र सूरी महाविद्यालय राजगढ़ - सरदारपुर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संभागीय समन्वयक श्री अमित शाह जी, जिला समन्वयक श्री नवनीत रत्नाकर जी उपस्थित रहे। मिट्टी के गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण श्रीमती मैना मारू



एवं सहयोगी द्वारा दिया गया। सभी अतिथियों ने संबोधित करते हुए मिट्टी की गणेश प्रतिमा स्थापित करने के लिए जागरूकता लाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता श्री वीरेन्द्र सिंह राणावत ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एल एस अलावा , प्रो. आर के जैन , प्रो. शिंदे जी , ब्लॉक समन्वयक श्री कमल जी मेडा, परामर्शदाता श्री आदित्य वैष्णव, लोकेश करोड़ीवाल, कमलेश मावी , रामा भूरिया, नवांकुर संस्था भरावदा से अर्जुन जी हाड़ा, हातोद नवांकुर संस्था से जीवन चौधरी, प्रस्फुटन समिति भिलखेड़ी से सचिव दिनेश जी बिलवार, रघु अम्लियार, आंबा से कैलाश डोडियार एवं सीएमसीएलडीपी स्टूडेंट्स उपस्थित हुए। आभार श्री कमल जी मेडा ने माना ।यह जानकारी मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सरदारपुर से दिनेश बिलवार द्वारा दी गई।

# सड़क, सीवर की समस्या होगी दूर, गुरुग्राम की सूरत बदलने के लिए खर्च होंगे 800 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम नगर निगम ने शहर की सड़क, सीवर और सफाई से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए 800 करोड़ रुपये की कार्ययोजना तैयार की है। इस रोडमैप को अंतिम रूप देने के बाद जनवरी 2026 से इस पर काम शुरू हो जाएगा। बीते कई साल से शहरवासी जिस बदलाव की उम्मीद कर रहे थे उस पर अब नगर निगम ने काम करना शुरू कर दिया है।




निगम की तरफ से घरों से कूड़ा एकत्रित करने, मलबे के ढेरों को समाप्त करने, आवारा पशुओं को सड़कों से हटाने, सीवर जाम और ओवरफ्लो की समस्या का स्थायी समाधान करने को लेकर रूपरेखा तैयार कर ली है। अगले चार माह में इन सभी समस्याओं का स्थायी समाधान करने के लिए धरातल पर काम शुरू हो जाएगा। इसको लेकर निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करके सख्त हिदायत दे दी है। बारिश में होने वाले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए भी खास इंतजाम किए गए हैं। शहर में चिन्हित 153 जलभराव वाली जगहों पर पानी निकासी की उचित व्यवस्था के लिए 50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा, आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए नए टेंडर जारी किए जाएंगे। कार्ययोजना में शहर में हो रहे अवैध निर्माणों और अवैध विज्ञापनों पर भी सख्त कार्रवाई शामिल है। इसके साथ ही घरों में पानी के मीटर लगाने का काम भी शुरू किया जाएगा। निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने इस पूरी योजना को अधिकारियों के साथ बैठक करके तैयार किया है।

# दिल्ली की समस्याओं को सुलझाने प्रवेश वर्मा का नया कदम, अधिकारियों संग शुरू की 'गवर्नमेंट ऑन व्हील्स'

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली सरकार की नीतियों को जनता तक पहुंचाने और जमीनी स्तर पर उन्हें और बेहतर ढंग से लागू करने के उद्देश्य से क्क्ङ्ख्रष्ठ (लोक निर्माण विभाग) मंत्री प्रवेश वर्मा ने शनिवार को गवर्नमेंट ऑन व्हील्स नाम की एक नई पहल की शुरुआत की। जिसके अंतर्गत उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बस में बैठकर आउटर रिंग रोड के 47 किलोमीटर लंबे हिस्से का चार घंटों तक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ प्रिंसिपल सेक्रेटरी, श्वह्लष्ट, चीफ इंजीनियर, स्श्व, श्व×द्गठ्ठ, और ट्रैफिक पुलिस के समस्त अधिकारी मौजूद रहे।




पहल के मकसद के बारे में जानकारी देते हुए वर्मा ने कहा, शासन केवल बैठक कक्षों तक सीमित नहीं रह सकता। अगर जनता सड़क पर रहती है, तो हमें सड़क पर काम करना होगा। गवर्नमेंट ऑन व्हील्स की पहल दिल्ली के लोगों को समाधान, जवाबदेही और स्पष्ट परिणाम देने के बारे में है।

मंत्री ने आगे कहा, अक्सर, अधिकारी अपने कार्यालयों में बैठकर कागजों पर समस्याओं की सूची बनाते हैं, लेकिन वास्तविक समाधान नहीं बताते। इन्हें 10 साल से काम न करने की आदत थी। यही कारण है कि हमने दिल्ली में विकास की यह नई अवधारणा शुरू की है। जिसमें सभी विभागों को एक ही बस में, एक ही सड़क पर, एक ही समय पर एक साथ लाना है। जब वे वास्तविकता देखते हैं, जब वे देखते हैं कि नागरिक कितनी मुश्किलों का सामना कर रहे हैं, तो समाधान तुरंत और कार्रवाई योग्य हो जाते हैं। आगे उन्होंने कहा, आज हम सभी अधिकारियों को इस किराये की बस में बैठाकर हकीकत दिखा रहे हैं कि जमीन पर क्या हकीकत है। कहीं पर बोर्ड टूटा हुआ है, तो कहीं पर गड्ढा है, जो भी समस्याएं दिखाई दे रही हैं, उसके बारे में हम अधिकारियों को बता रहे हैं।

चार घंटे के इस निरीक्षण के दौरान मंत्री और अधिकारियों की बस विभिन्न भीड़भाड़ वाले स्थानों और परेशानी वाले ऐसे रास्तों पर रूकी, जहां लोगों को नियमित रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अभियान के दौरान फुटपाथों पर अतिक्रमण, क्षतिग्रस्त और असमान सड़कें, खराब जल निकासी व्यवस्था और स्वच्छता संबंधी खामियों जैसी समस्याओं की पहचान करते हुए अधिकारियों को उसी वक्त उनके निराकरण करने के निर्देश दिए गए। मंत्री वर्मा ने अधिकारियों को इन सभी समस्याओं का समयबद्ध समाधान तैयार करने के लिए कहा। अधिकारियों के अनुसार, कई विभागों की उपस्थिति ने मौके पर ही समन्वय स्थापित करने में मदद की। जिससे त्वरित और व्यावहारिक समाधान संभव हो सके। वर्मा ने कहा, आउटर रिंग रोड का निरीक्षण न केवल कमियों को उजागर करने के लिए था, बल्कि दिल्ली के बुनियादी ढांचे को बदलने के लिए सरकार के दृढ़ संकल्प को भी प्रदर्शित करने के लिए था।

# रूस ने यूक्रेन के डोनेट्स्क की दो बस्तियां कब्जाई, सैन्य-औद्योगिक परिसर समेत 143 जगह हमले

**मॉस्को , एजेंसी।**
रूस ने शनिवार (स्थानीय समयानुसार) को दावा किया कि उसकी सेना ने पिछले 24 घंटों में यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र की दो बस्तियों पर कब्जा कर लिया है। रूसी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, दक्षिणी और पश्चिमी सैन्य समूहों की कार्रवाई के बाद सेरेड्ने और क्लेबन बाइक गांव अब रूस के नियंत्रण में हैं।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने यह भी दावा किया कि रूसी बलों ने यूक्रेन के एक सैन्य-औद्योगिक केंद्र और 143 स्थानों पर हमला किया, जहां यूक्रेनी सैनिक और विदेशी लड़ाके अस्थायी रूप से ठहरे हुए थे। इसके अलावा, रूसी वायु रक्षा ने पिछले हफ्ते यूक्रेन के हवाई हमलों को नाकाम कर दिया और चार गाइडेड हवाई बम व 160 ड्रोन सफलापूर्वक मार गिराए। ये घटनाएं ऐसे समय में हो रही हैं, जब अमेरिका की मध्यस्थता में रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता चल रही है।



इससे पहले, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्ता के लिए तैयार हैं। जेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैंने दक्षिण अफ्रीकी गणराज्य के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा से उनके अनुरोध पर बात की। मैंने अपने सहयोगियों के साथ संयुक्त राजनयिक प्रयासों और वाशिंगटन में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई सार्थक बैठकों के बारे में जानकारी दी। जेलेंस्की ने आगे कहा, मैंने रूस के प्रमुख के साथ किसी भी तरह की बैठक के लिए अपनी तत्परता दोहराई। हालांकि, रूस एक बार फिर मामले को और आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। इसलिए यह जरूरी है कि वैश्विक दक्षिण प्रासंगिक संकेत भेजे और रूस को शांति की ओर ले जाए।

# अफगानिस्तान से जाते वक्त अमेरिका छोड़ गया था हथियार, अब पाकिस्तान के खिलाफ इस्तेमाल कर रहा तालिबान

**काबुल , एजेंसी।**
पाकिस्तान ने अमेरिका से कहा है कि वह अफगानिस्तान में छोड़े गए हथियार वापस ले। ये हथियार आतंकवादियों के हाथों में जा रहे हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन रहे हैं। अफगानिस्तान से वापसी के दौरान बड़ी मात्रा में सैन्य हथियार वहीं छूट गए थे। पाकिस्तानी सैन्य प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि अमेरिकी हथियारों का अनियंत्रित प्रसार पाकिस्तान की स्थिरता के लिए सीधा खतरा है। खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, पेंटागन द्वारा अनुमानित सात अरब डॉलर से अधिक मूल्य के अमेरिकी हथियारों के भंडार में बख्तरबंद वाहन, उन्नत आग्नेयास्त्र, बायोमीट्रिक सिस्टम और अन्य संवेदनशील उपकरण शामिल हैं। माना जाता है कि इनमें से कई हथियार पाकिस्तानी तालिबान द्वारा जब्त कर लिए गए और अब पाकिस्तान सेना के खिलाफ इस्तेमाल किए जा रहे हैं। खोस्त और पक्तिका जैसे अफगान के ब्लैक मार्केट में अमेरिका निर्मित हथियारों की कीमतें आसमान छू रही हैं। एक एम4 राइफल 4,200 डॉलर से अधिक में बिकती है, जबकि एक एम16 राइफल 1,400 डॉलर में बिकती है। चीनी राइफलें कम दामों पर उपलब्ध हैं, लेकिन आतंकी अमेरिकी मॉडलों की विश्वसनीयता और गुणवत्ता को ज्यादा पसंद करते हैं। द वाशिंगटन पोस्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि नाटो द्वारा आपूर्ति किए गए 4,00,000 हथियार तालिबान के नियंत्रण में हो सकते हैं।

# पीएम ओली की भारत और चीन यात्रा पर नजरें

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की आगामी भारत यात्रा पर लिपुलेक विवाद का सीधा असर पड़ने की संभावना कम दिख रही है। उच्चस्तरीय सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ओली इस दौरे को सीमा विवाद सुलझाने के लिए कूटनीतिक प्रयास के अवसर के रूप में भी देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ओली चीन और भारत की यात्रा की तैयारी कर रहे हैं।



इसी बीच नेपाल और भारत के बीच सीमा विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। नेपाल जिस लिपुलेक क्षेत्र को अपना अभिन्न अंग मानता है, वहां से भारत और चीन ने व्यापार शुरू करने का समझौता किया, जिसके बाद विवाद गहराया।

लगभग 13 महीने के अपने तीसरे कार्यकाल के बाद प्रधानमंत्री ओली को भारत जाने का निमंत्रण मिला है। हाल ही में नेपाल आए भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से ओली को भारत यात्रा का औपचारिक निमंत्रण सौंपा। ओली के सचिवालय के अनुसार प्रधानमंत्री ने भी इस निमंत्रण के लिए आभार प्रकट किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ओली 16 सितंबर को दो दिवसीय भारत यात्रा पर जाएंगे।हालांकि, भारत यात्रा से पहले प्रधानमंत्री ओली चीन जाएंगे। वह 30अगस्त को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने बीजिंग जाने वाले हैं। कुछ हलकों का मानना है कि सीमा विवाद की स्थिति में यात्रा करना उचित नहीं होगा, जबकि अन्य का विचार है कि विवाद सुलझाने के लिए इसी यात्रा को अवसर के रूप में लेना चाहिए। प्रधानमंत्री का सचिवालय इस विषय पर अब तक चुप है। सूत्रों के अनुसार, ओली ने प्रधानमंत्री मोदी को पहले काठमांडू आने का निमंत्रण दिया था, जिसे भारत ने स्वीकार नहीं किया। लेकिन, यदि ओली की भारत यात्रा सफल रहती है तो भविष्य में मोदी की नेपाल यात्रा की संभावना बढ़ सकती है। प्रेस चौतारी नेपाल, महोत्तरी द्वारा 5 अगस्त को आयोजित पत्रकार सम्मेलन में नेकपा (एमाले) के महासचिव शंकर पोखरेल ने कहा कि भले ही चीन और भारत ने हालिया समझौते में नेपाल को शामिल नहीं किया, फिर भी ओली की सद्भावना यात्रा प्रभावित नहीं होगी। उन्होंने कहा, हम हर समस्या का समाधान आपसी संवाद और चर्चा से चाहते हैं, और यह अवसर ऐसे दौरों से ही मिलता है। इसलिए नेपाल की ओर से यात्रा रद्द करने का सवाल ही नहीं उठता। पोखरेल ने यह भी कहा कि नेपाल ने पहले ही चीन और भारत दोनों को कूटनीतिक नोट भेजकर लिपुलेक प्रकरण पर असहमति जताई है, अब इन दोनों मित्र देशों को तार्किक निष्कर्ष निकालना चाहिए। उन्होंने हाल में भारत और चीन द्वारा लिम्पियाधुरा नाका को नेपाल की सहमति बिना व्यापार के लिए खोलने की आलोचना भी की।

# तीन अस्पताल, 460 महिलाओं की गुप्त वीडियो

**मेलबर्न, एजेंसी।**
ऑस्ट्रेलियाई अस्पतालों के शौचालयों में गुप्त रूप से वीडियो रिकॉर्डिंग करने के आरोपी प्रशिक्षु सर्जन को शुक्रवार को जमानत पर रिहा कर दिया गया। विक्टोरिया राज्य के सर्वोच्च न्यायालय के दस्तावेजों में पुलिस ने आरोप लगाया है कि 28 वर्षीय रयान चो पर लगभग 500 आरोप लग सकते हैं, जो 2021 से मेलबर्न के तीन अस्पतालों के स्टाफ शौचालयों में फोन से गुप्त रूप से रिकॉर्ड किए गए 4,500 अंतरंग वीडियो से संबंधित हैं। न्यायमूर्ति जेम्स इलियट ने फैसला सुनाया कि जूनियर डॉक्टर को इस शर्त पर रिहा किया जाए कि वह अपने माता-पिता के साथ रहे, जो अपने बेटे की रिहाई की उम्मीद में सिंगापुर से मेलबर्न आए थे। उनके माता-पिता को 50000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (32000 अमेरिकी डॉलर) की जमानत देनी होगी। दूसरी ओर अभियोजक ने तर्क दिया कि आरोप लगने के बाद चो ने भागने की कोशिश की थी। नौकरी से निलंबित होने के बाद ऑस्ट्रेलिया से उसका कोई मजबूत संबंध नहीं था। हैमिल ने कहा कि चो अप्रैल में ऑस्ट्रेलिया का स्थायी निवासी बन गया था, लेकिन अगर उसे दोषी ठहराया गया और 12 महीने या उससे अधिक की जेल की सजा सुनाई गई।

# खुशी और गम से परे परमात्मा के साम्राज्य में प्रवेश के अधिकारी बनें सहजयोग से



हम अपने जीवन में प्रमुख रूप से तीन तरह के मनुष्यों को देखते हैं। पहले वे जो हमेशा दूसरों की शिकायत ही करते रहते हैं वे अहंकार से ग्रसित होते हैं और दूसरों को दबाने का प्रयास करते हैं। दूसरे प्रकार के लोग मानो हमेशा दुखी रहने के लिए ही जीवित रहते हैं, कोई भी चीज उन्हें खुश नहीं कर सकती है। तीसरे वे लोग होते हैं जो अनुकूल या प्रतिकूल हर स्थिति में प्रसन्न रहते हैं, जो कुछ भी उन्हें उपलब्ध होता है, उसी में संतुष्ट रहते हैं। इस संसार को इन तीनों परिस्थितियों ने ही ढक रखा है और लोग उन्हीं परिस्थितियों के चश्मे से संसार और संसार के रचयिता को देखा भी करते हैं। तीसरी तरह के जो लोग हैं वे सहज योगियों जैसे हैं, हर हाल में खुश।

वास्तव में यह संसार निराकार परमात्मा का ही साकार रूप है। यह दुनिया अदृश्य सत्ता की काया और अबोल का बोल है। जैसे नदी को पार करने के लिए जल में उतरना पड़ता है। वैसे ही सांसारिक परिस्थितियों की सरिता को पार करने के लिए उसमें उतरना पड़ता है और पार उतरने की युक्ति जानने के लिए गुरु के पास जाना पड़ता है। गुरु से ही परिस्थितियों की ओट में छिपी वास्तविकता का बोध होता है। साकार समस्याओं के मूल में अवस्थित अरूप परमात्मा का साक्षात्कार होता है। जो मनुष्य गुरु कृपा से प्राप्त युक्ति का इस्तेमाल करता है, वह इस किनारे से उस किनारे तक की यात्रा को सुरक्षित रूप से पार करने में सफल होता है। भवसागर को पार करने का आनंद तैराक योगी को ही मिलता है। नाव में बैठे सामान्य मनुष्य भी श्रद्धा और भक्ति मार्ग का सहारा ले सांसारिक समस्याओं के भोगते होते हुए भी उसे पार करने में सफल हो जाते हैं। पर, जीवन का आनंद कहीं गुम हो जाता है। यदि ऐसा हुआ तो जीवन का उद्देश्य ही अधूरा रह जायेगा। हमारे जीने का अर्थ ही नहीं रह जायेगा। सहज योग माध्यम से आत्मसाक्षात्कार प्राप्त कर हम जीने का अर्थ पाते हैं। भक्ति और उपासना से ज्यादा महत्वपूर्ण है अपने को पाना। जीवन तभी सफल है ना जब हम अपने परमपिता परमेश्वर से जुडते हैं। 29 अक्टूबर 2000 के अपने एक प्रवचन में श्री माताजी ने हमें समझाने का प्रयास किया है, "श्रद्धा का अर्थ केवल प्रार्थना करना नहीं है, यह मात्र विश्वास करना ही नहीं है, अपितु श्रद्धा वह है, जिसके कारण आप अपनी भक्ति व समर्पण से मिली उपलब्धियों का आनंद अपने हृदय में लेते हैं। इसे ही श्रद्धा कहना चाहिए।" इस अनुठी ध्यान पद्धति से जुडने हेतु व आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

# जुगनू जादवसिंह धनावत को दूसरी बार मध्यप्रदेश मीणा समाज का उपाध्यक्ष नियुक्त किया




महू-इंदौर- मध्यप्रदेश मीणा समाज के प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास रावत ने मीणा समाज के जमीनी कार्य शैली व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी जुगनू जादवसिंह धनावत को मीणा समाज प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इस अवसर प रामनिवास रावत, पूर्व विधायक गणपत पटेल, पूर्व न्यायाधीश लालाराम मीणा, एडिशनल एसपी अमृत मीणा, एडवोकेट संतोष मीणा, पूर्व अध्यक्ष जगदीश सिंह मीणा,लीलेन्द्रसिंह मारण,गजेंद्रसिंह रावत,प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण मीणा , महेंद्रसिंह मीणा,भगवानसिंह मीणा, रामसिंह मीणा,मानसिंह रावत, आत्माराम मीणा, दातारसिंह मीणा, कन्हैयालाल ठाकुर, जीतू ठाकुर, अशोक सैनी, शक्तिसिंह गोयल, विजेंद्र सिंह चौहान, अमरसिंह मीणा,प्रेम किशोर मीणा, आनंदराव मीणा,प्रदेश सहमंत्री भारत मीणा, धार जिला अध्यक्ष दिलीप कामदार, रमेश धनावत, मादूसिह, उमराव सिंह, करणसिंह , लोकेश धनावत,योगेश पटेल, पवन मीणा, मनमोहन गुनावत, पप्पू मीणा, विवेकसिंह मीणा, अरविंद गुनावत, पंकज मीणा, पत्रकार अजय मीणा, योगेश मीणा, राजेश घूसिंगा, संतोष मीणा, चेतन मीणा, मनोज मीणा, बंटू कामदार, नवीन मीणा, भीमसिंह मीणा, जीवन जोनवाल,शिवमसिंह धनावत इत्यादि सैकड़ो मीणा जन शुभकामना दी।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना हैं

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की

अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स